गोष्ठी

भारत तिब्बत सहयोग मंच का 27 वां स्थापना दिवस

युवा पीढ़ी को तिब्बत की आजादी की दी गई जानकारी

नवभारत,जबलपुर। भारत तिब्बत सहयोग मंच, महाकौशल प्रान्त, जिला जबलपुर इकाई ने भारत तिब्बत सहयोग मंच के 27 वें स्थापना दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन जबलपुर के ऐंठाखेड़ा में किया गया। जहाँ उपस्थित युवा पीढ़ी को तिब्बत की आजादी एवं कैलाश मानसरोवर की मुक्ति विषय पर वक्ताओं ने जानकारी दी । इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डॉ.अनिल तिवारी ने तिब्बत की आजादी के लिये मंच की सार्थकता उद्देश्य व लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुआ कहा कि जब 5 मई 1999 को धर्मशाला में मंच की स्थापना हुई थी, उस समय तिब्बत की स्वतंत्रता के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था। उस समय तिब्बत की आज़ादी की बात करना नामुमकिन सा लगता था, लेकिन आज मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि धर्मशाला से उठकर आज तिब्बत की आज़ादी की माँग पूरी दुनिया में फैल गई है। तिब्बत की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है और भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने इस काम को अंजाम देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 26 साल का सफर अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। मंच के कार्यकर्ताओं को यह जानने की जरूरत है कि तिब्बत कभी चीन का हिस्सा नहीं था और चीन कभी भी भारत का स्वाभाविक मित्र नहीं था। चीन को समुद्र से लगती कोई जमीन नहीं मिली। चीन ने सुरक्षा के लिए खुद को दीवार में कैद कर लिया था। दीवार के बाहर का उसका कोई भी क्षेत्र अवैध है। उस पर चीन का अवैध कब्जा है।

कार्यक्रम के अतिथि राष्ट्रीय मंत्र देव शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि अगर चीन को सबक सिखाया जाना है, तो चीनी सामानों का बहिष्कार सबसे अच्छा और आसान उपाय है। कार्यक्रम के दौरान सभागार भारत माता की जय, जय भारत -जय तिब्बत, चीन की सीमा -चीन की दीवार, बाकी सब कब्ज़ा है, वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी हरी शंकर तिवारी, सैकड़ों बुद्ध जीवी व युवा शक्ति उपस्थित रही।

तीन संतान संबंधी , स्वास्थ्य बीमा योजना के आदेश जल्द होंगे जारी

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश शर्मा को मंत्री का दर्जा प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया है। वहीं कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण की आशा व्यक्त की गई है। मप्र राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल भार्गव 'वायु' ने बताया है कि मंगलवार को मंत्रालय में रमेश शर्मा द्वारा कर्मचारी कल्याण समिति का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने मंत्रालय में अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग से संयुक्त भेंट की। चर्चा में आया कि प्रदेश शासन कर्मचारी हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता पूर्वक मंथन हो रहा है। तीन संतान संबंधी प्रावधान एवं स्वास्थ्य बीमा योजना के संबंध में अति शीघ्र आदेश जारी करने की पूर्ण तैयारी चल रही है। संघ ने आशा व्यक्त की कि कर्मचारी हितों से जुड़े अन्य लंबित विषयों पर भी शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिए जाएं। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, विवेक रंजन शुक्ला, राजा राम डेहरिया, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, योगेन्द्र मिश्रा, राजू मस्के, सुभाष गौतम,के जी पाठक, राम शंकर शुक्ला , विनय नामदेव, सतीश उपाध्याय, नेतराम झारिया ने प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की है।

समर कैंप में छात्र सीख रहे रोज नई विधाएं

नवभारत,जबलपुर। हितकारिणी सभा विद्या परिषद् द्वारा आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन नई विधाएं सीख रहे हैं । विद्या परिषद द्वारा आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं , इस वर्ष समर कैंप में लगभग 170 छात्र छात्राएं प्रतिभागी है। हितकारिणी सभा द्वारा प्रतिवर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी 1 में से 15 मई तक समर कैंप आयोजित है इसमें खेलकूद गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य विधाएं भी सम्मिलित की गई है, जैसे थिएटर मंचन, जुंबा एवं पिकल बॉल तथा मेडिटेशन इनके अतिरिक्त समर कैंप में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा वॉलीबॉल कबड्डी खो-खो एवं योग में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। समर कैंप में छात्र-छात्राएं अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न खेलो एवं अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।

प्रशिक्षण के बाद होगा मंचन

इसी क्रम में 6 मई को शहीद स्मारक गोल बाजार में जुंबा एवं पिकल बॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जाना है जिसमें जुंबा के लिए जबलपुर की जानी-मानी प्रशिक्षक मुक्ता तिवारी छात्रों को जुंबा का प्रशिक्षण प्रदान करेंगी एवं शहीद स्मारक में पिकल बल के विशेषज्ञ छात्र-छात्राओं को इस नए खेल के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे । समर कैंप में स्कूली छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त इस वर्ष कॉलेज के छात्रों को भी अवसर प्रदान किया जा रहा है, मुख्य रूप से विवेचना रंग मंडल एवं हितकारिणी सभा के संयुक्त आयोजन के अंतर्गत आयोजित थिएटर मंचन एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । 1 मई से 20 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षित होने के बाद , शहीद स्मारक में नाटक का मंचन किया जाएगा। वहीं 8 मई को छात्र-छात्राओं को कोका-कोला फैक्ट्री, आर के बिस्किट फैक्ट्री एवं आकाश नमकीन फैक्ट्री रिछाई का भी भ्रमण कराया जाएगा। जिससे छात्र-छात्राओं को इसके बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त होंगी । समर कैंप में मुख्य रूप से, विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर ,प्रशिक्षकों में गजेंद्र वैद्य, दिनेश ठाकुर ,शेखर खंपरिया, राजेंद्र तिवारी एवं शानू यादव, मुक्ता तिवारी ,विवेचना रंग मंडल से विवेक पांडे , संतोष राजपूत ,संगीता मैडम ,संयोजक राजीव श्रीवास्तव का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है ।

एक नजर में

चल गया झालमुड़ी का जादू पर कैंपेन

नवभारत,जबलपुर। पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में अंशुल नमकीन द्वारा 'झाल मुड़ी वितरण' कार्यक्रम का आयोजन मालवीय चौक में बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। 'चल गया झाल मूड़ी का जादू' थीम के यह कैंपेन पर आधारित इस आयोजन में शहरवासियों को स्वादिष्ट झाल मुड़ी का वितरण किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। अंशुल नमकीन द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल स्वाद का अनुभव कराते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी जुड़ाव का भी संदेश देते हैं।

भजन गायिका शहनाज ने 21 कन्याओं का विवाह कराया विवाह

नवभारत,जबलपुर । शहर में भजन गायिका शहनाज अख्तर के द्वारा मंगलवार को अधारताल स्थित गोकुलधाम मैरिज गार्डन में 21 गरीब कन्याओं का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर शहर के साधु संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में शहनाज अख्तर ने वर वधु को गृहस्थी का समान दिया और साधु संत महात्माओं ने दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज ने बताया कि माता रानी के जागरण के दौरान जो पैसा या धन मिलता है उसे धर्म के काम में लगाना पुण्य का काम कहलाता है, भजन गायिका शहनाज ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने ये भी कहा है कि आगे भी ऐसे शुभ और पुण्य कार्य वह करती रहेगी और धर्म का कार्य करते हुए पुण्य लाभ अर्जित करेगी ।

निकाला गया कैंडिल मार्च

नवभारत,जबलपुर। बरगी बांध में हुए दर्दनाक हादसे में मृत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शिवसेना प्रमुख ठाणेश्वर महावर के नेतृत्व में रामपुर चौक से जी.आरसी चौक तक मौन कैंडिल मार्च निकाला गया। इस दौरान अमित दुबे, काशी बैन, पप्पू प्रजापति दिलिप सिगगैरे, छोई तिवारी, शेषमणि पटेल बाबूलाल तिवारी, माया कनोजिया, संध्या पटेल पटेल, अमर देव यादव ,विनिता राठोर, शशि सिगरौर, नमामी शंकर महावर, संदीप तिवारी, दयाशंकर देवलाल, राकेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की कार्यकारिणी गठित

नवभारत,जबलपुर। सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ महाकौशल क्षेत्रीय समिति जबलपुर के अध्यक्ष इंजी.आर पी चौबे , सचिव इंजी.पी के दीक्षित, कोषाध्यक्ष इंजी.डी के साहू द्वारा सर्वसम्मति से संघ के नियमानुसार क्षेत्रीय समिति जबलपुर की कार्यकारिणी का गठन/मनोनयन इं उमेश दुबे, प्रांताध्यक्ष की सहमति से किया गया है। जिसमें इंजीनियर सी एल विश्वकर्मा (न.घा.वि.वि.) इं.आर के पचौरी (ज.सं.वि.नरसिंहपुर) वरिष्ठ उपाध्यक्ष,इं.शरद कुमार गुप्ता(लो.स्वा.यॉं.वि.), इं.मनीष बाजपेयी उपाध्यक्ष,इं.के एस ठाकुर, इं.निर्मल कुमार जैन , इं.पी एल कुर्मी , इं.शरद कुमार श्रीवास्तव , इं.ए के गुप्ता , सहसचिव, इं.आर के यादव , इं.एन के ढिमोले ,इं.बी पी पटेल , इं.सुशील कुमार दुबे क्षेत्रीय संगठक, इं.एम एम दुबे , इं.बी डी साहू , इं.ए के चतुर्वेदी , इं.पी एल स्वर्णकार , इं.के के गुप्ता इं.रविशंकर पाण्डे , इं.पी एस ठाकुर , इं.ए ए अंसारी, इं.सुदीप कुमार सेठी कार्यकारिणी सदस्य, इं.आर पी रघुवंशी इं.पी सी जैन , इं.एस के रावत , इं.बी डी राय का मनोनयन किया गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर इंजीनियर आर पी चौबे ने सभी पदाधिकारियों से पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए शीघ्र कार्य करने निवेदन किया है।

धूमधाम से मनाई गई विश्वगुरु गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती

नवभारत,जबलपुर। जैतवन बुद्ध विहार, बड़ा पत्थर रांझी जबलपुर के तत्वाधान में विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2570 वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा (जयंती) बड़ी धूम-धाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक शेण्डे (राष्ट्रीय महासचिव, ऑल इंडिया समता सैनिक दल, रजि.), कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आयुष्मति ममता टेम्भूर्णे (सेवा निवृत्त प्रबंधक, एस. बी. आई बैंक) ने विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मान. वामन ठोके जी (वरिष्ठ समाज सेवी) ने विश्वरत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष्मान संतोष अतुलकर ने की। विशिष्ट अतिथि ममता टेम्भूर्णे के द्वारा विश्वगुरू तथागत बुद्ध ने उपासक एवं उपासिकाओ के लिये पाँच मापदण्ड बताए गए जिसमें प्राणी की हिंसा न करना, चोरी न करना ,व्यभिचार न करना, झूठ न बोलना, नशीले पदार्थों का सेवन न करना शामिल रहा। इस मौके पर उपासक एवं उपासिकाओं एवं उपासिकाओं को खीर एवं फल का प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में धम्मा सेवा मंडल की ओर से चन्द्रकला ठोके, स्मिता ओहल, उत्तम गायकवाड, रवि शेंडे, नरेन्द्र मेश्राम अक्षय मौर्य, दिलीप घोघरे, अमोल कांबले, वीरेन्द्र बौद्ध, एवं समस्त बुद्ध विहार के सदस्य मौजूद रहे।

एनसीसी शिविर में तेज गर्मी का भी कैडेटों में कोई असर नहीं

नवभारत,जबलपुर । मध्य प्रदेश कन्या बटा. का प्रथम वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैम्प कमांडेट कर्नल दिनेश कुमार जायसवाल, के निर्देशन में सबेरा बसेरा हॉस्टल खमारिया फैक्ट्री जबलपुर में एन सी सी शिविर आयोजित किया है। जो 04 मई से 13 मई तक संचालित किया जायेगा जिसमें जबलपुर, नरसिंहपुर, एवं मण्डला जिलों से महा0 वि0 एवं विद्यालयों के लगभग 575 कैडेटस् भाग ले रही है। जहां इस तेज गर्मी में लोग घरो से बाहर निकलना पंसद नही कर रहे है वही एन सी सी कैडेटस् शिविर में भाग लेने के लिये बढ़ चढ़ कर अपनी उपस्थिति शिविर में दर्ज करा रहे है। इसे पता चलता है कि एन सी सी कैडेटस् कितना जोश और एन सी सी के प्रति कितना उत्सह है। गर्मी को देखते हुये कैडेटस् के लिये उनके खानपान पर विशेष ध्यान दिया जायेगा जिसमें सुबह शाम नीवू पानी, जलजीरा, छाछ, पेयजल दिया जायेगा जिससे प्रशिक्षण के दौरान उनके सेहत में कोई फर्क न पडे।

भटौली में फर्नीचर क्लस्टर स्थापना की मांग

विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान रखी बात

नवभारत,जबलपुर। रानी अवंती बाई वार्ड के भटौली क्षेत्र में 'फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना के लिए भूमि आवंटन एवं स्वीकृति के लिए कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की । इस दौरान विधायक ने सीएम को बताया कि उनकी कैंट विधानसमा क्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड (भटौली क्षेत्र) में फर्नीचर उद्योग से जुड़े सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों की एक बड़ी संख्या कार्यरत है। यहां के कारीगरों द्वारा निर्मित फर्नीचर न केवल संस्काधानी, बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी अपनी गुणवत्ता के लिए पहचाना जाता है। वर्तमान में उपयुक्त स्थान और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में ये उद्यमी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कार्य नहीं कर पा रहे हैं। यदि इस क्षेत्र में एक सुव्यवस्थित फर्नीचर क्लस्टर विकसित किया जाता है, तो इससे क्षेत्र के हजारों युवाओं और पारंपरिक कारीगरों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा, क्लस्टर बनने से उत्पादन लागत कम होगी और जबलपुर फर्नीचर हब' के रूप में उभर सकेगा।

हज 2026 के लिए 90 हजयात्रियों ने लिया प्रशिक्षण

नवभारत,जबलपुर। हज 2026 की तैयारियों के तहत शहर में हजयात्रियों के लिए एक विशेष तरबियत (प्रशिक्षण) कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप अलमदीना ग्रुप और हाजी मुस्ताक (छिद्दी हाजी) की जानिब से ईदगाह रानीताल में आयोजित हुआ, जिसमें जबलपुर के लगभग 90 हजयात्रियों ने हिस्सा लिया। कैंप में हजयात्रियों को हज से जुड़े तमाम जरूरी नियमों और प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सऊदी अरब के कानून, यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश भी समझाए गए। इस दौरान हाजियों को इहराम, तवाफ और सई जैसे हज के अहम अरकान के बारे में प्रैक्टिकल तरीके से मार्गदर्शन दिया गया। कैंप में हजयात्रियों को आवश्यक वैक्सीनेशन भी कराया गया। इस मौके पर हाजी मोहम्मद फ़राज़, हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी, मौलाना जावेद अशकरी और ज़ाहिद भाई गुलाम भाई समेत मुस्लिम समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार सभी हजयात्री 15 मई 2026 को जबलपुर से मुंबई के लिए रवाना होंगे, जहां से वे सऊदी अरब के लिए हज यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। हाजी मोहम्मद फ़राज़ और हाजी अमर आलम हज यात्रा के दौरान हाजियों के साथ रहकर उनकी देखरेख करेंगे।

दो दिवसीय 'सर्वम शक्तिमयम' पर अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

नवभारत,जबलपुर। त्रिपुरी शोध पीठ जबलपुर और महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ हॉयर एजुकेशन संस्थान जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर एजुकेशन महाविद्यालय के प्रेक्षा भवन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ जितेंद्र जामदार अध्यक्ष, डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता,प्रोफेसर रजनीश शुक्ला संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी वाराणसी, आध्यात्मिक वक्ता स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती, मुख्य वक्ता प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद शर्मा हेड ऑफ फिलॉस्फी डिपार्टमेंट राजस्थान यूनिवर्सिटी मौजूद रहे । वहीं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शक्तिपीठों की भूमिका पर विद्वानों ने अपने सारगर्भी वक्तव्य दिए। कॉन्फ्रेंस में' शक्ति' पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोधार्थी, गणमान्य नागरिक, महाविद्यालयों के आचार्य,विद्यार्थी आयोजक डॉ दिलीप सिंह हजारी प्राचार्य महाराष्ट्र इंटीट्यूट ऑफ हॉयर एजुकेशन, त्रिपुरी शोध पीठ के अध्यक्ष डॉ नितिन पटेल उपस्थित रहे।

आयोजन में किया गया सम्मानित

इस दौरान अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। प्रोफेसर राजेंद्र शर्मा को 'त्रिपुरी शोध पीठ' से सम्मानित किया गया। 'त्रिपुरी शोध पीठ' अमरीका का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया। कार्यक्रम का संचालन 'त्रिपुरी शोधपीठ' के संरक्षक निरंद सिंह 'नीर', डॉ राजा तिवारी एवं डॉ अर्चना शाने ने किया ।डॉ नितिन पटेल ने त्रिपुरी शोध पीठ के आयामों पर व्यापक ढंग से प्रकाश डाला। आभार प्रदेश त्रिपुरी शोध पीठ के संक्षक निरंद सिंह 'नीर' ने किया।

समारोह

जरनैल जस्सा सिंह रामगढ़िया जयंती पर लगा कीर्तन दरबार

दिल्ली फतह कर लाल किले पर लहराया था निशान साहिब

नवभारत,जबलपुर। सिख धर्म के महान योद्धा जरनैल जस्सा सिंह रामगढ़िया का 303 वां जन्म शताब्दी समारोह रामगढ़िया एसोसिएशन जबलपुर के नेतृत्व में गुरुद्वारा प्रेमनगर में विशाल कीर्तन दरबार के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान कथाकार ज्ञानी जसप्रीत सिंह एवं विद्वान वक्ताओं ने कहा कि 18 वीं शताब्दी के महान शूरवीर योद्धा और रामगढ़िया मिसल के संस्थापक जस्सा सिंह रामगढ़िया ने अफगान और मुगल शासकों के खिलाफ संघर्ष में अहम भूमिका निभाई थी और दिल्ली जीतकर लाल किले में खालसाई निशान साहिब लहरा दिया । उनकी वीरता, शौर्य और पराक्रम के सम्मान में विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर श्री दरबार साहिब अमृतसर पंजाब में सैकड़ों फीट ऊंचा रामगढ़िया बुंगा स्थापित किया गया है। इस मौके पर रागी जत्था भाई नरिन्दर सिंह, वुमन सेल एवं भाई मोहिंदर पाल सिंह आदि ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद 'सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत पुर्जा पुर्जा कट मरे कबहुं न छाडे खेत' की विरोचित प्रस्तुति देकर साध संगत को रसविभोर किया । समापन के बाद गुरु का लंगर एवं नौजवानों द्वारा शीतल छबील का वितरण किया गया । कार्यक्रम का संचालन रणजीत सिंह गुगली ने एवं गुरमीत सिंह ने आभार व्यक्त किया। आयोजन की सफलता में विभिन्न सेवादारों के साथ ही अध्यक्ष सरबजीत सिंह रील, सुखविंदर सिंहगुरमिंदर सिंह ननडा, हरजोत सिंह साहेब, हरजीत सिंह ननड, रणधीर सिंह बाहडा आदि का अहम योगदान रहा।

महिला विंग द्वारा मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत,जबलपुर । मंगलवार को रसल चौक स्थित अरिहंत होटल के सामने कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स महिला विंग द्वारा बरगी डैम में हुए दर्दनाक हादसे पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला विंग की पदाधिकारियों और सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर एवं मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा का आयोजन महिला विंग की नेशनल कन्वीनर सीमा सिंह चौहान के नेतृत्व में किया गया, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नम्रता भाटिया, उपाध्यक्ष प्रतिभा जैन, सचिव दिव्या डोडेजा, संभागीय समन्वयक पूनम चौहान और कार्यकारी निदेशक मनजीत चुक्कल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन में शोक व्यक्त करते हुए सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस घटना को अत्यंत दु:खद बताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य प्रिया उज्जवल सिंह, शुभांगी शुक्ला, सपना जैन, नंदिनी भारिल, शिल्पा जैन, सीमा गोयल, रम्मी शर्मा, श्रुति प्यासी, स्वाति अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, भावना अग्रवाल और शिखा गर्ग ने भी इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की, रसल चौक पर एकत्रित होकर समाज को एकजुटता का संदेश दिया गया।